**भारत सरकार**
**जल शक्ति मंत्रालय**
**जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग**
**[राजभाषा अनुभाग]**

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग
नई दिल्ली, दिनांकः 15 सितम्बर 2025

**विषय- हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय मंत्रिमंडल सचिव का संदेश-संबंध में।**

मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन से हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय मंत्रिमंडल सचिव जी का संदेश प्राप्त हुआ है। माननीय मंत्रिमंडल सचिव जी के संदेश की प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाती है।

(संगीता टी.)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

सेवा में

1. जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के सभी अधिकारी एवं अनुभाग/प्रभाग।
2. जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के अधिनस्थ सभी कार्यालय/संगठन/उपक्रम।

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. आर्थिक सलाहकार एवं राजभाषा प्रभारी के निजी सचिव।
2. उपनिदेशक (राजभाषा), जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग।

डॉ. टी.वी. सोमनाथन
Dr. T.V. Somanathan

सत्यमेव जयते

मंत्रिमंडल सचिव
भारत सरकार
CABINET SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA

**संदेश**

"हिंदी दिवस 2025" के अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ!

हिंदी भाषा को संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था, और तब से यह दिन हर साल हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसे प्रोत्साहित करना है।

साहित्यिक दृष्टि से हिंदी भाषा समृद्ध होने के साथ, अब यह कम्प्यूटर, इंटरनेट और सोशल मीडिया की भाषा भी बन गई है। यह कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों अकादमिक विषय-धाराओं की भाषा के साथ–साथ विश्व के अनेक देशों में बोली, समझी और पढ़ी जाने वाली भाषा भी बन गई है।

संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, हम सभी अपने–अपने मंत्रालयों और विभागों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने पर जोर देते हैं। आज हमारे पास हिंदी में काम करने के सभी तकनीकी संसाधन, उपकरण और सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं। हम सब हिंदी समझते, बोलते, पढ़ते और लिखते भी हैं, और हमने अपने प्रयासों से पर्याप्त सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए हैं, तथापि हमें अभी इस दिशा में और प्रगति करनी है।

आइए, हिंदी दिवस के इस अवसर पर हम सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

जय हिंद !

सोमनाथन

(टी. वी. सोमनाथन)

14 सितम्बर 2025

Cabinet Secretariat, Rashtrapati Bhavan, New Delhi-110004
Tel.: 011-23016696, 23011241 Fax : 011-23018638 E-mail : cabinetsy@nic.in